# निगम के 1231 कर्मचारियों के वेतन से प्रति माह कटेगा 10 प्रतिशत ईपीएफ

रतलाम ● स्वदेश समाचार
नगर निगम में कार्यरत मस्टरकर्मी, गैंग कर्मचारी व बदली सफाई मित्रों का ईपीएफ काटे जाने की सफाई कर्मचारी यूनियन व अन्य यूनियनों द्वारा 5 वर्षों की जा रही मांग के तहत कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जायज मांग पर निर्णय लेते हुए माह दिसम्बर 2021 से प्रति माह वेतन का 10 प्रतिशत ईपीएफ काटा जाएगा व कर्मचारियों का ईपीएफ खाता खुलवाया जाकर उसमें राशि जमा की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नगर निगम में कार्यरत मस्टरकर्मी, गैंग कर्मचारी व बदली सफाई मित्रों का ईपीएफ काटे जाने की मांग 5 वर्षों से लंबित थी उनकी इस जायज मांग को पूरा करने का निर्णय लेते हुए 1231 कर्मचारियों के वेतन का 10 प्रतिशत ईपीएफ दिसम्बर 2021 से प्रति माह काटा जाएगा। कटौत्रा की गई राशि कर्मचारी भविष्य निधि में जमा होगी जिससे कर्मचारियों के मांगलिक कार्य व आपत स्थिति में जमा राशि लाभकारी सिद्ध होगी।

## घर पर ही बनाएंगे जैविक खाद

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर के अन्य नागरिकों के साथ-साथ वे भी अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे घर पर ही मटका या बाल्टी पद्धति अपना कर गीले कचरे से खाद बनाकर इसका उपयोग गमलों, अपने घर के समीप स्थित पेड़-पौधों एवं उद्यानों में करना सुनिश्चित करें एवं इस संपूर्ण प्रक्रिया से संबंधित समय-समय पर लिए गए फोटोग्राफ स्वच्छ भारत मिशन में अनिवार्य रूप स उपलब्ध कराएं।

## मास्क नहीं लगाने पर 41 व्यक्तियों पर जुर्माना

नगर निगम स्पॉट फाईन दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 41 व्यक्तियों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

## कचरा संग्रहण वाहन के 2 ड्रायवरों का वेतन काटा

वार्ड क्रमांक 8 में नियमित रूप से घर-घर से कचरा संग्रहण नहीं होने की शिकायत प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन चालक जितेन्द्र सिंघल व विजय कौशल का 7-7 दिवस का वेतन काटा गया। नगर निगम के कर्मशाला विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में 2 कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन भेजे जाते हैं फिर भी घर-घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण नहीं होने की शिकायत प्राप्त होने पर उक्त चालकों का 7-7 दिवस का वेतन काटा गया।

स्वदेश

## वेदव्यास कॉलोनी से 2 अवैध नल कनेक्शन काटे

रतलाम ● अवैध नल विच्छेदन की कार्रवाई के तहत वेदव्यास कॉलोनी से 2 अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए साथ ही विभिन्न वार्डों में जल कर की बकाया वसूली करते हुए 1,09,720 की राशि वसूली। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि जल कर वसूली की कार्रवाई के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 12 में 36,580 रु., वार्ड क्रमांक 13 से 25 में 40,560 रु., वार्ड क्रमांक 26 से 37 में 21,110 रु. व वार्ड क्रमांक 38 से 49 में 11,480 रु. इस तरह कुल राशि रुपए 1,09,720 की बकाया राशि वसूली। उक्त कार्रवाई कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेन्द्र सिसौदिया द्वारा की गई।

स्वदेश 9/1/22

# 2000 वर्गफीट से अधिक के भूखण्ड/भवनों का होगा सर्वे

रतलाम। नगरीय क्षेत्रान्तर्गत 2000 वर्गफीट से अधिक के भूखण्ड/ भवनों के सर्वे हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दलो का गठन किया है जो आवासीय/व्यावसायिक भवन व भूखण्डों का सर्वे कर भवन/भूखण्ड स्वामी का नाम, क्षेत्रफल, क्षेत्रफल अनुसार बकाया संपत्तिकर की जानकारी प्राप्त करगें।

गठित दलों का नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी को नियुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 1 से 10 में दल प्रभारी राजेश पाटीदार-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी देवेन्द्र पुरोहित व रमेश राठौर, वार्ड क्रमांक 11 से 20 में दल प्रभारी ब्रजेश कुशवाह-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी राजेन्द्रसिंह राठौर व नरेन्द्रसिंह पंवार, वार्ड क्रमांक 21 से 30 में दल प्रभारी मनीष तिवारी-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी हरिश मिश्रा व प्रेमनारायण, वार्ड क्रमांक 31 से 40 में दल प्रभारी सुश्री दीक्षा निजामपुरकर -उपयंत्री व सहायक कर्मचारी राजेन्दसिंह गेहलोत व गंगासिंह, वार्ड क्रमांक 41 से 49 में दल प्रभारी श्रीमती अनिता ठाकुर-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी प्रवीण शर्मा व आबिद खान को नियुक्त किया है।

प्रसारण 9/1/22

# आज से रात में 100 लोगों की टीम करेगी सफाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की मुख्य सड़कों, बाजार, चौराहों समेत अन्य स्थानों पर अब रात में सफाई की जाएगी। इसके लिए खासतौर पर 100 सफाई मित्र (कर्मचारियों) की टीम बनाई है। टीम रविवार से काम शुरू कर देगी। 9 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम और आयुक्त सोमनाथ झारिया टीम को रात्रिकालीन सफाई के लिए रवाना करेंगे।

**गंदगी फैलाने वाले 10 व्यक्तियों पर जुर्माना :** स्पॉट फाइन दल ने शनिवार को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैला रहे 10 व्यक्तियों को पकड़कर जुर्माना लगाया। इनसे कुल करीब 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

## ज्वलनशील पदार्थों के 29 में से 15 गोडाउन खाली

सफाई को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम कबाड़ा व्यापारियों को भी शहर से बाहर शिफ्ट करवा रहा है। इसी विस्फोटक, ज्वलनशील, कबाड़ा गोडाउन के विरुद्ध चल रही मुहीम में अब तक 15 गोदाम पूरे तरह खाली कराए जा चुके हैं। निगम ने बड़े गोडाउन वाले 29 कारोबारियों को नोटिस जारी किए थे। वार्ड 9 से 16 में 13 में से 5 ने, वार्ड 33 से 40 में 5 में से 3 और वार्ड 41 से 49 में 6 में से 4 ने गोडाउन पूरी तरह खाली कर दिए हैं। बाकी कबाड़ी गोदाम खाली कर रहे हैं। भास्कर

द.भास्कर ९/१/२२

# कार्य में लापरवाही बरतने पर कचरा संग्रहण वाहन के 2 ड्रायवरों का वेतन काटा

२/५

रतलाम। वार्ड क्रमांक 8 में नियमित रूप से घर-घर से कचरा संग्रहण नहीं होने की शिकायत प्राप्त होने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन चालक जितेन्द्र सिंघल व विजय कौशल का 7-7 दिवस का वेतन काटा गया। नगर निगम के कर्मशाला विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 8 में 2 कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन भेजे जाते है फिर भी घर-घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण नहीं होने की शिकायत प्राप्त होने पर उक्त चालकों का 7-7 दिवस का वेतन काटा गया। निगम आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन चालकों निर्देशित किया वे अपने-अपने वार्डों में 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

राज एक्सप्रेस ९/१/२२

# आज से करेंगे रात्रिकालीन सफाई

**रतलाम.** शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने शहर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़कें, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई रविवार से शुरू होगी। पत्रिका

पत्रिका ९/१/२२

# 2000 वर्गफीट से अधिक के भूखंड/भवनों का होगा सर्वे

## सर्वे के लिए निगम आयुक्त ने किया दलों का गठन

**रतलाम।** नगरीय क्षेत्रांतर्गत 2000 वर्गफीट से अधिक के भूखंड/भवनों के सर्वे के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दलों का गठन किया है। गठित दल द्वारा आवासीय/व्यावसायिक भवन व भूखंडों का सर्वे कर भवन/भूखंड स्वामी का नाम, क्षेत्रफल, क्षेत्रफल अनुसार बकाया संपत्तिकर की जानकारी प्राप्त करेंगे। गठित दलों का नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी को नियुक्त किया गया है।

वार्ड क्रमांक एक से 10 में दल प्रभारी राजेश पाटीदार-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी देवेंद्र पुरोहित, रमेश राठौर, वार्ड क्रमांक 11 से 20 में दल प्रभारी ब्रजेश कुशवाह-उपयंत्री व सहायक कर्मचारी राजेंद्रसिंह राठौर, नरेंद्रसिंह पंवार, वार्ड क्रमांक 21 से 30 में दल प्रभारी मनीष तिवारी उपयंत्री व सहायक कर्मचारी हरीश मिश्रा, प्रेमनारायण, वार्ड क्रमांक 31 से 40 में दल प्रभारी दीक्षा निजामपुरकर उपयंत्री व सहायक कर्मचारी राजेंद्रसिंह गेहलोत, गंगासिंह, वार्ड क्रमांक 41 से 49 में दल प्रभारी अनिता ठाकुर उपयंत्री व सहायक कर्मचारी प्रवीण शर्मा, आबिद खान को नियुक्त किया गया है।

**गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना**

गंदगी करने पर शांतिलाल नयागांव से 3000 रुपये, महेश पंवार अलकापुरी से 2000 रुपये, जेके जैन, सचिन जैन, दिनेश, कलीम चांदनी चौक, धर्मेंद्र नयागांव से 1000-1000 रुपये, राजेंद्र नयागांव से 500 व राजश्री से 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### 100 सफाई मित्र आज से करेंगे रात्रिकालीन सफाई

शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए शहर की फोर व टू लेन सड़क, मुख्य सड़कें, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालीन सफाई हेतु 100 सफाई मित्रों को नियुक्त किया गया है। रविवार शाम चार बजे कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम तथा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नगर निगम परिसर से सफाई मित्रों को रात्रीकालीन सफाई हेतु रवाना करेंगे।

नईदुनिया 9/1/22

# खुले में गंदगी करने पर 10 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 8 जनवरी को 10 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर शांतिलाल नयागांव पर 3000, महेश पंवार अलकापुरी पर 2000, जे.के. जैन, सचिन जैन, दिनेश, कलीम चांदनी चौक, धर्मेन्द्र नयागांव पर 1000-1000, राजेन्द्र नयागांव पर 500 व राजश्री पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

# मास्क नहीं लगाने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण

रतलाम। कोरोना वायरस (कोविड-19) को वैश्विक महामारी चिन्हित किये जाने तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा इसे संक्रामक रोग घोषित किये जाने से रतलाम नगर में संक्रमण का फैलाव ना हो इस हेतु सभी नागरिकों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। नगर में ऐसे नागरिक जो कि मास्क नहीं लगा रहे हैं या गलत तरीके से लगा रहे हैं उन पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम स्पॉट फाईन दल द्वारा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 31 व्यक्तियों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

प्रसारण 9/1/22

दूसरा टीका लगने के बाद से 9 माह का अंतराल जिन लोगों का पूरा हुआ उन्हे लगेगा

# कल से कोविड वैक्सीनेशन का प्रीकाशन डोज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में 10 जनवरी से 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोविड वैक्सीनेशन का प्रिकॉशन डोज लगाए जाने की शुरुआत हो रही है। इसमें मुख्य रूप से मॉर्बिड यानी गंभीर ह्रदय रोग, कैंसर आदि से पीड़ित लोगों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त जो लोग कोविन पोर्टल पर हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में पहले से पंजीकृत है और दूसरे टीके के बाद 9 माह का समय पूरा कर लिया है, वह भी प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिए पात्र रहेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के मॉर्बिड जिन लोगों को कोविड का दूसरा टीका लगवाकर 9 माह से अधिक का समय पूर्ण हो गया है, उन्हें कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। जो लोग कोविन पोर्टल पर हेल्थ केयर वर्क र एवं फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में पहले से पंजीकृत है, ऐसे लोग भी दूसरे टीके के बाद 9 माह पूर्ण करने की दशा में कोविड का तीसरा या प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिए पात्र रहेंगे। वहीं जो नागरिक प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र होने के बावजूद कोविन पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, ऐसे लोगों को कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर सीधे टीका लगाया जाएगा एवं भौतिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## ऑनसाइट बुकिंग से होगा वैक्सीनेशन

हितग्राहियों को उसी प्रकार का वैक्सीन दिया जाएगा, जिस प्रकार का वैक्सीनेशन पहले के दोनों डोज में दिया गया हो, उदाहरण के लिए यदि पहले टीकाकरण के दौरान को-वैक्सीन का टीका लगा हो तो प्रिकॉशन डोज भी को-वैक्सीन का लगेगा। यदि पूर्व में दिए टीके के दौरान कोविशिल्ड का टीका लगा होगा तो प्रिकॉशन डोज भी कोविशिल्ड का ही लगेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि पात्र हितग्राही 10 जनवरी को वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर सीधे ऑनसाइट बुकिंग करा कर वैक्सीनेशन करा सकेंगे।

पत्रिका।

पत्रिका। ९/१/२२

# 48 नए मामले, 102 एक्टिव मरीज में एक भी गंभीर नही

## पाजिटिव में 34 की उम्र 45 वर्ष से कम, जिले के सभी विकासखंडों में फैला संक्रमण

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना की तीसरी लहर का असर अब जिले भर में दिखने लगा है। पहले शहर व आसपास के इलाकों से नए मरीज मिल रहे थे, लेकिन अब जावरा, पिपलौदा, सैलाना, बाजना सहित सभी विकासखंडों में मरीज आ रहे हैं। शनिवार को 48 नए मरीज मिले। इनमें मेडिकल कालेज के चार विद्यार्थी और दो नौ साल के बच्चे भी शामिल हैं। शनिवार को दो मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। शुक्रवार को भी कालेज के सात विद्यार्थियों में संक्रमण पाया गया था। खास बात यह है कि इस बार संक्रमितों में युवाओं की संख्या ज्यादा है। राहत की बात यह है कि अभी तक मिले मरीज सामान्य सर्दी-खांसी वाले हैं। किसी की भी स्थिति गंभीर नहीं है।मालूम हो कि तीसरी लहर की आशंका में जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। एक जनवरी के बाद से सैंपलिंग भी बढ़ाई गई है। अब संक्रमण का दायरा बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। मेडिकल कालेज के अस्पताल में अभी दो या तीन मरीज हैं, इसके अलावा कालेज में संक्रमित पाए गए विद्यार्थियों का उपचार किया जा रहा है। शेष पाजिटिव में भी किसी की स्थिति गंभीर नहीं है।

**मास्क नहीं लगाने वालों से वसूला जुर्माना:** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम स्पाट फाइन दल द्वारा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शनिवार को 31 व्यक्तियों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। कलेक्टर ने कोविड-संक्रमण नियंत्रण के दृष्टिगत सैंपलिंग, कंटेनमेंट तथा क्वारंटाइन कार्रवाइयों के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश सभी एसडीएम को दिए हैं। इस संबंध में रविवार को सभी ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेने के लिए निर्देशित किया है।

### कोरोना पाजिटिव कंटेनमेंट तोड़कर कर रहा था पार्टी, चार लोगों पर कार्रवाई

कोरोना पाजिटिव व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों के साथ पार्टी करने की सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी व्यक्तियों पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की और उन्हें कोविड केयर सेंटर भिजवाया। शहर के निराला नगर, नयागांव स्थित निवास पर कोरोना पाजिटिव पाए जाने पर कंटेनमेंट एरिया बनाया गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों को पार्टी के लिए घर में बुलाया गया। प्रशासन को सूचना मिलने पर तहसीलदार गोपाल सोनी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी एवं टीम ने मौका मुआयना किया तो शिकायत सही पाई गई। उक्त व्यक्ति निजी संस्थान में कार्यरत होने की सूचना मिलने पर इनके संस्थाओं को भी कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है।

> मेडिकल कालेज में रैंडम सैंपलिंग में विद्यार्थी पाजिटिव मिले हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। एक्टिव मरीजों में किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। तीसरी लहर में संक्रमण तेजी से फैलने की संभावना पहले ही जताई गई थी। - **जितेंद्र गुप्ता, डीन मेडिकल कालेज।**

# कल से कोविड वैक्सीनेशन का प्रिकाशन डोज लगेगा

**रतलाम।** जिले में सोमवार से 60 वर्ष से अधिक आयु के को मार्बिड अर्थात गंभीर हृदय रोग, कैंसर आदि से पीड़ित नागरिकों को कोविड के वैक्सीन की प्रिकाशन डो लगाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के मार्बिड लोग, जिन्हें कोविड का दूसरा टीका लगवाए नौ माह से अधिक का समय हो गया है उन्हें प्रिकाशन डोज लगाई जाएगी। कोविन पोर्टल पर हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में पहले से पंजीकृत लोग भी इसके लिए पात्र होंगे। जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि पात्र हितग्राही 10 जनवरी को वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर सीधे आनसाइट बुकिंग करा कर वैक्सीनेशन करा सकेंगे।

**आयुष विभाग ने भी की तैयारी:** कोरोना महामारी की संभावित ती लहर से निपटने के लिए आयुष विभा तैयारी पूरी कर ली है। उक्त जानकारी हुए प्रभारी शासकीय आयुष औषधा हतनारा अनिल मेहता ने बताया कि इ लिए जिला अधिकारी डा. बलराज चौहान द्वारा जिला आयुष कार्य पर एक समीक्षा बैठक ली गई। चिकित्सा अधिकारियों और औषध प्रभारियों को रोग प्रतिरोधक औष की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दि निर्देश दिए गए। जिला आयुष अधि डा. चौहान ने बताया कि आयुष प्रतिरोधक औषधियां आर्सेनिक संशमनी वटी, त्रिकटु चुर्ण, अ कषाय, आयुष 64 आदि जिला चिकित्सालय, आयुष विंग, औषधालय कलेक्टर कार्यालय समस्त आयुष औषधालयों में नि उपलब्ध है।

नईदु,

नईदुनिया ९/१/२२

# तमगे की बातें... सफाई पर काम नहीं...

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम सफाई में तमगा तो पाना चाहती है मगर मैदानी स्तर पर सफाई का काम नहीं संभाल रही है। निगम की लापरवाही से आज भी नगर में लोग समस्या से जूझ रहे है। हालात यह है कि सड़क पर कचरा दो-दो दिनों तक उठ नहीं पा रहा है तो सार्वजनिक मूत्रालयों की सफाई नहीं हो रही है। कई कॉलोनियों में तो कचरा गाड़ी भी समय पर नहीं पहुंच रही है। घरों में जमा होने से नागरिक परेशान हो रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है।

शहर में जहां सफाई हो रही है वहां तो बेहत्तर सफाई हो रही है लेकिन जहां नहीं हो रही है वहां तो ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। नये बाजना बसस्टेंड के दुकानदार सफाई को लेकर इतने परेशान है कि नाना तरह की समस्याओं से जूझ रहे है। होटल दुकानदारों को कहना है कि महूरोड मुखर्जी बसस्टेंड देखो वहां दिन में दस-बारह बार झाड़ू लगती रहती है लेकिन यहां तो अलसुबह हो जाती है तो उसके बाद कोई देखने ही नहीं आता है। नगर निगम के कर्मचारी जब देखो तब आकर केवल दुकानदारों पर जुर्माना ठोंक देती है जबकि असल में निगम खुद ही बेहत्तर इंतजाम नहीं कर पा रहा है। यहां एक सुलभ शौचालय है जिसकी सफाई तो बेहत्तर होती है लेकिन यहीं बसस्टेंड के मुहाने पर स्थित मूत्रालय की सफाई तक नहीं हो रही है जिससे दुकानदारों के साथ ही आम नागरिक परेशान है। निगम की लापरवाही पर पंडित विजय शर्मा का कहना है कि शहर की बहुत सी कॉलोनियों में कचरा गाड़ी रोजाना रोजाना तो ठीक एक दिन छोड़कर भी नहीं पहुंच रही है। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में होने के बाद भी लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। कॉलोनियों की नालियां भी जाम हो रही है। सफाई अभियान के नाम पर केवल फोटोग्राफी हो रही है जबकि परेशान लोगों की परेशानी नहीं हो रही है। घरों में कचरा जमा होने से नागरिक परेशान है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पंडित शर्मा का कहना है कि अधिकारियों का सहयोग मिलेगा तो स्वच्छता अभियान में जनता भी जागरूक होकर सफाई अभियान में रुचि लेंगे।

## बाजना बसस्टेंड पर भी गंदगी का आलम

प्रभात किरण। 9/1/22

एक दिन में सर्वाधिक 48 केस मिले

# रतलाम में दोगुनी हो रही कोरोना की रफ्तार, राहत गंभीर कोई नहीं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार अब दोगुनी से अधिक रफ्तार से बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज से आई रिपोर्ट में शनिवार को वर्ष 2022 के सर्वाधिक 48 नए मामले सामने आए हैं। हालाकि राहत इस बात की है कि लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या के बाद भी सभी की स्थिति सामान्य बनी हुई है, गंभीर कोई भी नहीं है लेकिन फिर भी सभी लोगों को अब अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है।

जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उन सभी लोगों के यहां पर कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए है। साथ ही मरीजों को कोविड केयर सेंटर पर ले जाने का काम भी शुरू कर दिया है, जिससे कि घर-परिवार के अन्य सदस्य संक्रमित न हो सके। हालाकि ऐहतियात के तौर पर परिवार के अन्य सदस्यों के भी कोविड सेंपल लिए जा रहे है, जिससे कि उनमें कोरोना के लक्षण है या नहीं इसका पता लगाया जा सके। फिलहाल बिगड़ते हालातों को देखने के बाद भी लोग लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहे है।

## सभी विकासखंड में मिल रहे मरीज

कोरोना संक्रमण ने अब लगभग पूरे जिले में पैर पसार लिए है। रतलाम शहर के साथ ही जावरा, पिपलोदा, आलोट, सैलाना विकासखंड से भी मरीज सामने आने लगे है। इसके अतिरिक्त कई सारे लोगों की रिपोर्ट आना शेष है। रतलाम में कोरोना की इस लहर के दौर में अब तक 100 से अधिक लोग संक्रमित हो चुके है। इसके एक दिन पूर्व शुक्रवार को मरीजों की संख्या 24 थी। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या से अब स्वास्थ्य विभाग के साथ प्रशासन की चिंता भी बढ़ने लगी है।

## जारी है समझाइश का दौर


पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निगम का अमला भी लोगों को कोरोना से बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है लेकिन लोग है कि लापरवाही से बाज नहीं आ रहे है, जिसके चलते जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस और निगम का अमला बिना मास्क वालों पर चालानी कार्रवाई भी कर रहा है लेकिन उसके बाद भी लोग है कि मानते नजर कम ही आ रहे है।

पत्रिका

-पत्रिका 9/1/22

# याचिका खारिज, 5 कबाडियों ने शुरु किया गोडाउन खाली करना

## निगम ने फिर कहा–ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ के व्यापारी शहर से अपने गोडाउन तत्काल हटा लें



रतलाम। रतलाम शहर में मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने की कार्यवाही के विरुद्ध शहर के 5 कबाड़ा व्यवसायियों ने कोर्ट में न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की गई थी न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किये जाने पर पांचों कबाड़ा व्यवसायियों द्वारा अपने गोडाउन स्वयं खाली करना प्रारंभ कर दिया है।

न्यायालय में याचिका खारिज होने के बाद कबाड़ा व्यवसायी थानोबी-मोहम्मद हुसैन शेख बिरियाखेड़ी, मोहम्मद युसुफ-मोहम्मद रफीक बिरियाखेड़ी, शांतिलाल-बुद्धाजी सुभाष नगर, अब्दुल शकूर-नाहरशाह राजेन्द्र नगर व मुबारिक खान-फकीर खाने हाट की चौकी द्वारा अपने गोडाउन खाली करना प्रारंभ कर दिये है।

निगम आयुक्त ने बताया कि वर्तमान समय में कलेक्टर द्वारा %वलनशील पदार्थों के भण्डारण पर धारा 144 लागू की गई है। नगर निगम के द्वारा 6 माह पूर्व %वलनशील पदार्थों का भण्डारण करने वाले व्यापारियों को अपने गोडाउन शहर से हटाने का नोटिस जारी किये गये थे। ऐसे व्यापारी जिन्होंने नोटिस जारी होने के बाद भी %वलनशील पदार्थ कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य मानव जीवन के लिये हानिकारक खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन नहीं हटायें है वे शहर से तत्काल अपने गोडाउन हटा लें अन्यथा नगर निगम एक्ट के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत हटाया जाकर संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

राज एक्सप्रेस 9/1/22

# 29 में से 15 गोदाम हुए खाली

**रतलाम.** शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविश्य में ना हो इस के लिए कबाड़ा व ज्वलनशील पदार्थ के गोदाम खाली कराने के अभियान में बड़ी सफलता प्रशासन व नगर निगम को मिली है। अब तक 29 में से 15 गोदाम खाली हो गए है। कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें हटाये जाने की कार्यवाही के विरुद्ध नगर निगम द्वारा 29 गोडाउन मालिकों को गोडाउन शहर से हटाये जाने के नोटिस के तहत वार्ड क्रमांक 9 से 16 में 13 में से 5 ने पूर्णत: खाली कर दिया है। 2 ने 90 प्रतिशत व 6 ने 50 प्रतिशत, वार्ड क्रमांक 25 से 32 में 4 में से 2 ने खाली कर दिया है। वार्ड क्रमांक 33 से 40 में 5 में से 3 ने खाली कर दिया है। वार्ड क्रमांक 41 से 49 में 6 में से 4 ने खाली कर दिया है। 1 ने 50 व 1 ने 15 प्रतिशत खाली कर दिया है। पत्रिका

पत्रिका 9/1/22

# नयागांव में पॉजिटिव ने कंटेनमेंट तोड़ दोस्तों को पार्टी के लिए घर बुलाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एक तरफ जहां शहर में पॉजिटिव बढ़ने से चिंता का माहौल है, दूसरी तरफ कुछ लोग अब भी लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। नयागांव में सामने आया है, जहां एक पॉजिटिव युवक ने पार्टी के लिए दोस्तों को घर बुला लिया।

जानकारी के अनुसार निराला नगर, नयागांव स्थित पॉजिटिव मरीज के घर को कंटेनमेंट बनाया था। व्यक्ति ने कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों को पार्टी के लिए घर में बुला लिया। प्रशासन को इसकी सूचना मिली तो तहसीलदार गोपाल सोनी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी और टीम ने जांच की तो शिकायत सही मिली। यह व्यक्ति निजी संस्थान में काम करता है संस्थान को व्यक्ति पर कार्रवाई करने को कहा है। प्रशासन ने धारा 188 के तहत कार्रवाई की है।

## टीम पहुंची तो एक दोस्त पीछे के रास्ते से भागा

पॉजिटिव व्यक्ति नारायण पिता राधेश्याम पोरवाल है। कंटेनमेंट के अंदर पॉजिटिव व्यक्ति के साथ तीन लोग मिले। इनमें नामली निवासी प्रवीण पिता नंदकिशोर, डॉ. शुभम जायसवाल और एक अन्य व्यक्ति था जो कि पीछे के रास्ते से भाग गया। जब घर को कंटेनमेंट बनाया था, तब यह तीन लोग मौजूद नहीं थे।

## अनावश्यक ना निकलें

जिले में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। गुरुवार को 12 मरीज सामने आए थे। शुक्रवार को आंकड़ा डबल हुआ और संख्या 24 हो गई। शनिवार को आंकड़ा फिर डबल हुआ और 48 मरीज हो गए। समझदारी इसी में है कि अनावश्यक घर से न निकलें।

# 2000 वर्गफीट से अधिक के प्लॉट-मकानों का होगा सर्वे

रतलाम | शहर के 2000 वर्गफीट से अधिक के प्लॉट, मकानों का नगर निगम सर्वे कराएगा। इसके दल गठित करके नोडल अधिकारी उपायुक्त विकास सोलंकी को बनाया है। ये दल सर्वे कर भवन, भूखंड मालिक का नाम, क्षेत्रफल, उसके अनुसार संपत्तिकर की जानकारी एकत्र करेगा। वार्ड 1 से 10 में दल प्रभारी इंजीनियर राजेश पाटीदार, देवेंद्र पुरोहित, रमेश राठौर, वार्ड 11 से 20 में दल प्रभारी बृजेश कुशवाह, राजेंद्र सिंह राठौर, नरेंद्र सिंह पंवार, वार्ड 21 से 30 में दल प्रभारी मनीष तिवारी, हरीश मिश्रा, प्रेमनारायण, वार्ड 31 से 40 में दल प्रभारी दीक्षा निजामपुरकर, राजेंद्र सिंह गेहलोत, गंगासिंह, वार्ड 41 से 49 में दल प्रभारी अनिता ठाकुर, सहायक कर्मचारी प्रवीण शर्मा, आबिद खान को नियुक्त किया है।

दै. भास्कर 9/1/22

# सात दिन में 121 लोगों को कुत्तों ने काटा, रेबीज का खतरा



**आवारा आतंक**

रतलाम। शहर सहित जिले में बच्चों, वृद्धों पर कुत्तों के झुंड द्वारा हमला करने व काटने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 8 वर्षीय माया पुत्री हरजी पारगी की निवासी ग्राम रामपुरिया को 15 दिन पहले घर के बाहर खेलते समय कुत्ते ने काट लिया था। शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। मौत के पीछे रेबीज संक्रमण होना बताया जा रहा है। ऐसे में कुत्तों के काटने पर उपचार में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**पहले भी हो चुकी चार बच्चों की मौत:** जिले में लावारिस कुत्तों की भरमार है। ग्राम करमदी में वर्ष 2008-09 में कुत्तों के काटने व हमला करने से अलग-अलग घटनाओं में चार बच्चों की मौत हो गई थी। शहर में भी यही हालात हैं। अक्टूबर 2021 में भी रतलाम की ग्रीन सिटी कालोनी में घर के बाहर खेल रही एक चार साल की बच्ची को कुत्ते ने नोच लिया था। वहां बाहर बैठे व्यक्ति ने कुत्ते को भगाया था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी, जिसका वीडियो वायरल भी हुआ। 31 अक्टूबर 2021 को पुलिस लाइन के बगीचे में खेल रहे महिला पुलिसकर्मी सीमा के चार वर्षीय पुत्र रितिक पर भी 15 से 20 कुत्तों ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**2 नंबर पर है रतलाम डाग बाइट के मामले में प्रदेश में**


**शहर में नगर निगम करवा रहा है बधियाकरण**

**उपचार में रखें सावधानी**



**कुत्तों के काटने से जिला अस्पताल में आए लोग**

(आंकड़े जिला अस्पताल के अनुसार)




## सावधानी रखनी इसलिए जरूरी

कुत्ते के काटने के बाद सही समय पर व्यक्ति को प्राथमिक उपचार मिल जाए तो इंफेक्शन फैलने का खतरा बेहद कम हो जाता है। प्राथमिक उपचार से मरीज को काफी मदद भी मिलती है। कुत्ते के मुंह में बैक्टीरिया हो सकता है जो काटने पर संबंधित व्यक्ति में भी आ जाता है। कुत्ते के काटने की वजह से चमड़ी छिल गई है तो इससे बैक्टीरियल संक्रमण हो सकता है। रेबीज होने की आशंका रहती है। रेबीज एक गंभीर वायरल स्थिति है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। यदि इसका इलाज न किया जाए तो संक्रमण होने के कुछ ही दिनों के अंदर पीड़ित व्यक्ति की मौत हो सकती है। ऐसे में तत्काल अस्पताल पहुंचकर उपचार व जरूरी इंजेक्शन समय सीमा में लगवाना चाहिए।

**5,000**
**कुत्तों का बधियाकरण करवा रहा नगर निगम**

शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार हो रही है। नगर निगम ने जयपुर की फर्म को शहर में कुत्तों की नसबंदी (बधियाकरण) का ठेका दिया है। करीब 5000 कुत्तों का बधियाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है। इसका असर छह माह बाद दिखने लगेगा। जिले में औसतन हर दिन करीब 20 लोग कुत्तों के हमले का शिकार होते हैं।

नई.

नईदुनिया 9/1/२२

**कलेक्टर ने कल बड़ी बैठक ली : अमले से कहा-व्यवस्था में कोई कमी न रहे, इधर संक्रमण रोकने के लिए प्रतिबंधों पर जोर**

# संक्रमण बढ़ते ही केयर सेंटर और फीवर क्लिनिक के इंतजाम बढ़ाए

● रतलाम

**कोरोना संक्रमण के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई जिसमें सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तेजी से फैलते संक्रमण के दृष्टिगत सभी को अलर्ट रहने और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोविड-केयर सेंटर्स बनाने की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सेंटर्स पर किसी तरह की कोई व्यवस्था में कमी नहीं रहे। एक व्यक्ति अपने घर से आकर वहां रह रहा है तो उसे बेहतर महसूस हो।**

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रमोद प्रजापति, एपीडी एमयोलॉजिस्ट डॉ.गौरव बोरीवाल, डीपीएम डॉक्टर अजहर अली, शहर के सभी थाना प्रभारी, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोविड केयर सेंटर्स पर पूरे मन के साथ व्यवस्थाएं करें कोई कमी नहीं रखें। वहां पर टीवी कपड़े धुलाई की व्यवस्था, पोषणयुक्त आहार इत्यादि बेहतर तरीके से उपलब्ध कराया जाए। बताया कि शहर में 5 अस्पतालों के आवेदन कोविड-19 उपचार के लिए प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने सीएमएचओ को उपरोक्त सभी अस्पतालों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तीसरी लहर में कोरोना का संक्रमण अत्याधिक तेजी से हो रहा है इसलिए कार्य में ढिलाई कतई नहीं बरती जाए और व्यवस्थाओं में कोई हड़बड़ी नहीं हो। यदि पेशेंट को भर्ती होना हो तो उसके सामने बेड उपलब्धता स्पष्ट रहे। इसके लिए सार्थक पोर्टल भी अपडेट रखा जाए। बताया गया कि 18 फीवर केंद्र चालू किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रतिदिन सैंपलिंग कार्य की समीक्षा के लिए आधा घंटा देवें। नवोदय विद्यालय आलोट के संबंध में बताया गया कि 59 बच्चों की सैंपलिंग की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई पेशेंट आता है तो 7 दिन के लिए उसकी पूरी फैमिली क्वॉरंटाइन रहेगी। सीएमएचओ को दवाइयों के किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। होम आइसोलेट मरीज तथा क्वॉरंटाइन किए गए घरों के पर्यवेक्षण के लिए निरीक्षण दल भी कार्य करेंगे। बैठक में जिले के सभी एसडीएम से कलेक्टर द्वारा चर्चा की गई। एसडीएम जावरा श्री हिमांशु प्रजापति ने बताया कि जावरा तथा पिपलोदा में 100 बेड सीसीसी प्लान किए गए हैं। ... ठाकुर ने बताया कि सैलाना के कन्या आवासीय परिसर तथा बाजना के आईटीआई परिसर में 50-50 बेड सीसीसी प्लान किए गए हैं। आलोट एसडीएम श्री शुक्ला ने बताया कि आलोट में 100 बेड सीसीसी प्लान किया गया है। रतलाम ग्रामीण एसडीएम सुश्री कृतिका भीमावद ने बताया कि नामली, बिलपांक, धराड़ तथा बिरमावल में कोविड-केयर सेंटर बनाए गए है। अतिरिक्त ऑक्सीजन व्यवस्था के संबंध में सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर ने बताया कि शहर के दो ऑक्सीजन सप्लायर्स के साथ अनुबंध किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि कोविड के मद्देनजर अवकाश प्रतिबंधित किए जा रहे हैं। एसडीएम श्री गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में ड्रॉपआउट बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए वाहन वार्डों में पहुंचेंगे, इसके लिए 15 वाहन कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि



## फिर फीकी होंगी शादियां, सिर्फ 250 मेहमानों को ही बुला सकेंगे

जिले में कोविड-19 के पाजिटीव तथा एक्टिव केसेज की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी को देखते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश के तहत रतलाम जिले की राजस्व सीमा में आयोजित सभी प्रकार के मेले जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है प्रतिबंधित रहेंगे। विवाह आयोजनों में दोनों पक्षों के मिलाकर अधिकतम 250 लोगों की उपस्थिति की अनुमति रहेगी। आयोजन के दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजर के इस्तेमाल का पालन करना अनिवार्य होगा। जिले में आयोजित होने वाले विवाह कार्यक्रम की पूर्वानुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अंतिम संस्कार, उठावना में अधिकतम 50 व्यक्ति को ही अनुमति दी जा सकेगी।

## बिना मास्क वालों पर हुई कार्रवाई चार दुकाने बंद कराई



● रतलाम

**जिले में लगातार कोरोना के खतरे को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिले में एकसाथ आए 14 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद से प्रशासनिक खेमे में हडकंप मच गया है। अब तक जिले में कुल 22 एक्टिव केस है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश के बाद आला अधिकारियों ने गुरुवार सुबह रतलाम शहर व अंचलों के अलग-अलग हिस्सो में मास्क नहीं पहनने वालो पर सख्ती के साथ चालानी कार्रवाई शुरू कर दी।**

कलेक्टर-एसपी ने शहर में फ्लेग मार्च निकालकर लोगों से मास्क लगाने की अपील की तो वहीं शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमंत चौहान ने प्रमुख चौराहों पर बिना मास्क वालो पर कार्रवाई करते हुए लोगों को समझाइश दी। इस दौरान कई लोग अधिकारियों को देखकर गाड़ी घुमाकर इधर-उधर भागते नजर आए। चैकिंग के दौरान अधिकारियों ने ...

### जिले में बढ़ने लगे कोरोना के मरीज तो प्रशासन उतरा सड़कों पर लापरवाही बरतने वाले जाएंगे जेल

चांदनी चौक में चार दुकाने 24 घंटे के लिए बंद कराई, जिसमें दो सराफा व्यापारी कीर्ति बड़जात्या की हीरालाल झमकलाल एवं हेमन्त भरगट की भरगट ज्वैलर्स तथा कोर्ट चौराहे पर एक चाय रेस्टोरेंट पर मास्क ना पहनने को लेकर फटकार लगाते हुए दुकानों पर ताले लगवा दिए। शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि लोग पहले की परिस्थितियों से भलीभाँति परिचित है, फिर भी लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में लापरवाह लोग खुली जेल के लिए भी तैयार रहे। शहर व जिले में सखूत कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान अधिकारी चलानी कार्रवाई की सख्ती के साथ लोगों को पहनने के लिए मास्क भी उपलब्ध करवाते नजर आए। कलेक्टर पुरुषोत्तम ने जिलेवासियों से भी

# कंटेनमेंट तोड़कर पार्टी, चार पर कार्रवाई

**रतलाम.** कोरोना पाज़ीटिव व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों के साथ पार्टी करने की सूचना पर प्रशासन की टीम द्वारा संबंधित सहित उसके साथियों पर कार्रवाई की गई है।सभी व्यक्तियों के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें कोविड केयर सेंटर भिजवाया गया। रतलाम शहर के निराला नगर, नयागांव स्थित निवास पर कोरोना पाजीटिव पाए जाने पर कंटेनमेंट एरिया बनाया गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों को पार्टी के लिए घर में बुलाया गया। प्रशासन को सूचना मिलने पर तहसीलदार गोपाल सोनी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी एवं टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई। उक्त व्यक्ति निजी संस्थान में कार्यरत होने की सूचना मिलने पर इनके संस्थाओं को भी सूचित किया गया है। प्रशासन द्वारा इनके विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई है। पत्रिका

पत्रिका 9/1/22

# कल से बूस्टर डोज की तैयारी... 60+ के लोगों को बीमारी का प्रमाण-पत्र दिखाने की जरूरत नहीं होगी, दूसरे डोज में जो टीका लगवाया था, बूस्टर भी वही होगा

## 6 दिन में जिले के 61.18% बच्चे वैक्सीनेटेड : शहर में 80% से ज्यादा बच्चों को लगा टीका, 19402 हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर को भी लगेगा बूस्टर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना वैक्सीनेशन अब अपने अगले पड़ाव पर जा रहा है। 10 जनवरी से बूस्टर डोज लगाने की तैयारी है। बूस्टर डोज ऐसे लोगों को लगाया जाएगा, जो फ्रंटलाइन वर्कर हैं या हेल्थ सेक्टर में काम करते हैं। 60 साल से ज्यादा उम्र के गंभीर बीमार जैसे - ह्रदय रोग, कैंसर सहित अन्य से पीड़ित बुजुर्गों को भी यह टीका लगेगा। टीका लगवाने के लिए बुजुर्ग डॉक्टर की सलाह ले सकते है, हालांकि, आपको वैक्सीनेशन केंद्र पर किसी तरह का प्रमाण-पत्र नहीं दिखाना होगा। दूसरे डोज में जो टीका लगवाया था, वही टीका बूस्टर डोज में लगाया जाएगा। ऐसे लोग जो कि पहले और दूसरे डोज में पोर्टल पर दर्ज नहीं हुए, उन्हें बूस्टर डोज का भौतिक सर्टिफिकेट केंद्र से दिया जाएगा।

जिले में बूस्टर डोज लगाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इससे पहले तेजी से बच्चों का वैक्सीनेशन किया है, जिले में 93,984 बच्चे हैं, इनमें से 57499 बच्चों को कोरोना का पहला टीका लग गया है, जो कि, 61.18% है। सबसे ज्यादा बच्चों का वैक्सीनेशन रतलाम शहर में हुआ है। यहां 19564 बच्चे हैं, इनमें से 15743 को कोरोना का पहला टीका लग गया, यानी 80.47%। शहर के ज्यादातर स्कूलों में 100% से ज्यादा वैक्सीनेशन हो गया है, जो बच्चे बचे हैं, उनसे फोन पर संपर्क कर लिया है। इधर, बच्चों के वैक्सीनेशन में अब ऐसे बच्चे चुनौती बन रहे हैं, जो कि स्कूल में दर्ज नहीं है, या काम करते हैं। इसके लिए अलग-अलग वार्ड में टीम जाना शुरू हो गई हैं। शनिवार को ऐसे ही 700 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया।

भास्कर

### जिले में 1.27 लाख बुजुर्ग, केंद्र पर जाकर लगवा सकेंगे वैक्सीन

इधर, 10 जनवरी से हेल्थ केयर, फ्रंटलाइन और बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगना शुरू हो जाएगा। जिले में 9314 हेल्थकेयर वर्कर, 10,088 फ्रंटलाइन वर्कर वैक्सीन का पहला डोज लगवा चुके हैं। इधर, जिले में 1,27,351 बुजुर्ग ऐसे हैं, जिन्होंने पहला टीका लगवाया था। वहीं, इन बुजुर्गों में से बीमारी वालों को तीसरा टीका लगाया जाएगा। इसके लिए दूसरे और टीके के बीच 9 महीने का अंतर जरूरी है।

### जानिए... अब तक कहां कितने बच्चों का वैक्सीनेशन

| ब्लॉक | बच्चे | टीका लगा | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| रतलाम शहर | 19564 | 15743 | 80.47 |
| आलोट | 14142 | 7662 | 54.18 |
| बाजना | 10622 | 3960 | 37.28 |
| जावरा | 15700 | 10828 | 68.97 |
| पिपलौदा | 8937 | 5251 | 58.76 |
| सैलाना | 8720 | 4167 | 47.79 |
| ग्रामीण | 16299 | 9888 | 60.67 |

**जिले में सबसे कम बाजना में 37.28% बच्चों को ही लगे टीके :** इधर, जिले में अब तक सबसे कम बाजना में 37.28% बच्चों को ही टीके लगे हैं। बाजना में 10622 बच्चे रजिस्टर्ड है, इनमें से 3960 बच्चों ने ही टीका लगवाया है। बच्चों के वैक्सीनेशन में सैलाना की स्थिति चिंताजनक है। सैलाना में 8720 बच्चे दर्ज है, लेकिन 4167 बच्चों को ही टीका लगा है, जो कि 47.79% है।

### इधर, मदरसे में 25 बच्चों को लगाया गया टीका



वैक्सीनेशन अभियान में शनिवार को मदरसा अरबिया शिरानियां महू रोड पर 25 बच्चों को टीके लगाए गए। वैक्सीनेशन शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव, मदरसा प्रभारी मुफ्ती सोहेब, हाफिज हमजा, भाजपा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मंसूर जमादार सहित अन्य मौजूद थे।

दै. भास्कर 9/1/22




# सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

नगर पालिक निगम रतलाम की सर्वे दल द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार के बारे में शहर के प्रमुख बाजारों में जाकर व्यापारियों को सिंगल प्लास्टिक का उपयोग नही करने का बताया । 75 माइक्रॉन से कम की प्लास्टिक थैलियों का उपयोग नही करना है साथ ग्राहकों के समझाया कि आप जब अपने घर से सामान खरीदने बाजार में जाते है तो घर से कपडे कि थैली या झोला लेकर जाए जिससे सिंगल प्लास्टिक कि थैलियो का उपयोग कम होगा जिससे जानवरो की मृत्यु भी कम होगी और थैलियों को जलाने से जो प्रदूषण होता है वो भी नही होगा।

217

राजएक्सप्रेस 9/1/22

# एक मुश्त मिलेगा पात्र हितग्राहियों को दो माह का राशन

## जिले की 523 दुकानों से 2 लाख 27 हजार हितग्राहियों को मिलेगा इसका लाभ

● रतलाम

माह जनवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों को माह जनवरी एवं फरवरी का एक मुश्त राशन का वितरण किया जाएगा। इसमें हितग्राहियों को 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजनान्तर्गत' तथा 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' अन्तर्गत दो माह का एक मुश्त खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। जिले में स्थित 523 उचित मूल्य दुकानों से 2 लाख 27 हजार हितग्राहियों को इसका लाभ मिलेगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच.चौधरी ने बताया कि समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि दुकान पर आवंटन खाद्यान्न का पर्याप्त भण्डारण करवाएं। पात्र हितग्राहियों को पीओएस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन सामग्री का वितरण कराया जाए एवं हितग्राहियों को वितरित सामग्री की पीओएस मशीन से जारी पावती आवश्यक रुप से दी जाए। सभी सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एकमुश्त दो माह के वितरित खाद्यान्न की व्यवस्था से सतर्कता समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रुप से अवगत कराया जाए एवं इसका प्रचार-प्रसार भी करवाया जाए। खाद्यान्न के प्रदाय एवं वितरण पर सतत निगरानी एवं निरीक्षण किया जाए एवं वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। राशन प्राप्त करे में कठिनाई उत्पन्न होने पर जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07412-270414 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। अग्निबाण-8

अग्निबाण 8/1/22

# दो माह का एक मुश्त अनाज

**रतलाम, नप्र।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र लोगों को इस महीने दो माह का राशन एक मुश्त मिलेगा। बताया जा रहा है कि 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा' तथा 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' में जिले की सभी पांच सौ तेईस राशन दुकानों पर दो लाख का सत्ताईस हजार लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच.चौधरी ने बताया कि सभी सरकारी उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे दुकान पर आवंटन खाद्यान्न का भरपूर भण्डारण करवाएं। पात्र लोगों को पीओएस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर ही राशन सामग्री का वितरण कर सामग्री की पीओएस मशीन से जारी पावती जरूरी रूप से दी जाए। चौधरी ने कहा कि खाद्यान वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। अगर उपभोक्ता को परेशानी हो तो वे टेलीफोन नंबर 07412-270414 पर शिकायत कर सकते है। प्रभा-8

प्रभातकिरण 8/1/22

## निगम कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**रतलाम.** कलेक्टर ने शनिवार शाम कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की। इसमें बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों, हाईवे तथा सार्वजनिक स्थानों पर रात्रि में विशेष रूप से सफाई की जाएगी। इसके लिए 92 सफाई मित्र तैनात किए जाएंगे, उनको बकायदा यूनिफार्म रविवार को प्रदाय कर दी जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था के तहत वाहनों के रूट चार्ट तैयार करने और सफाई कर्मचारियों का ड्यूटी, प्लान सुनियोजित ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए। बताया गया कि नगर निगम की वाहन वर्कशॉप पलसोड़ा में तैयार हो चुकी है, कार्य आरंभ हो चुका है। कलेक्टर द्वारा वर्कशॉप के लिए मैकेनिक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया जिसके लिए टेंडर बुलाए जा सकते हैं। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सूखा, गीला कचरा पृथक्करण की विशेष व्यवस्था के लिए डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। कलेक्टर द्वारा बाजना रोड क्षेत्र में जैन स्कूल के पीछे लगभग एक किलोमीटर डामरीकरण रोड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत निगम आयुक्त ने बताया कि कालिका माता हजीरा पुलिया शैरानीपुरा जमातखाना रोड निर्माण के टेंडर लग चुके हैं। शहर में सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, उन्नयन के लिए भी डीपीआर शासन को भेजी गई है।

पत्रिका

पत्रिका ९/१/२२

## जगह-जगह दे रहे स्वच्छता एप की जानकारी




रतलाम नगर निगम द्वारा जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को स्वच्छता एप के बारे मे जानकारी दी जा रही है। नेहरू स्टेडियम मे स्वच्छता एप के बारे मे जानकारी प्राप्त करते हुए खेल संगठन के पदाधिकारी और खिलाड़ी। ●नईदुनिया

नई.

नईदुनिया ९/१/२२

## अवैध नल विच्छेद कर 46 हजार की राशि बकाया के रूप में वसूली

रतलाम। अवैध नल विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है जिसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए वृन्दावन सोसायटी पर 1.24 लाख की राशि बकाया जमा नहीं करने पर बल्क कनेक्शन विच्छेद किया गया इसके अलावा अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत श्रीमालीवास से कनेक्शन विच्छेद किया गया साथ ही विभिन्न वार्डों में जलकर की बकाया वसूली करते हुए 93,950/- की राशि वसूली।



अग्निबाण 8/1/22

## अवैध नल विच्छेद

नवभारत

रतलाम। अवैध नल विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने हेतु निगमायुक्त ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है। अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत वेदव्यास कालोनी से 2 अवैध कनेक्शन विच्छेद किए। वहीं वार्डों में जलकर की बकाया वसूली शिविर में 1,09,720/- की राशि वसूली।

नवभारत 9/1/22

## सेप्टिक टैंक व अन्य सफाई के लिए टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

रतलाम। नगर निगम रतलाम के टोल फ्री नंबर 14420 पर सेप्टिक टैंक की सफाई तथा अन्य सभी सफाई के संबंध में शिकायत की जा सकती है। निराकरण 24 घंटे में किया जाएगा। इस नंबर पर सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक काल की जा सकेगी। नई.

नईदुनिया 9/1/22

## सखवाल नगर से तीन अवै... कनेक्शन विच्छेद

रतलाम। अवैध नल कनेक्शन विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है। इसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए सखवाल नगर में तीन अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। साथ ही विभिन्न वार्डों में जलकर की 47050 रुपये की बकाया वसूली की गई। कार्रवाई कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेंद्र सिसौदिया द्वारा की गई।

शटडाउन

# इंटेकवेल, पम्प हाउस, टंकी व पाइप लाइन का हुआ रखरखाव

## निगम के जलविभाग ने किया काम

**रतलाम.** इन्टकवेल, पम्प हाउस, टंकियों के वाल्व व पाईप लाईन के रखरखाव का कार्य शटडाउन के दौरान शनिवार को किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया धोलावाड़ पुराना इन्टेकवेल, बूस्टर पम्प हाउस, नवीन इन्टेकवेल तथा षहर की विभिन्न टंकियों पर स्थापित वाल्व एवं पाईप लाईनों में रखरखाव का कार्य जलप्रदाय अमले द्वारा किया गया। इस दौरान पुराना इन्टेक वेल पर जम्पर मेन लाईन ऐले 3 नग व 1 नग ऐला, तीनों जम्फर में लग्ज, तीन मेन जम्फर, एमई पर तीन जम्फर क्लेम्प, 3 कॉपर ऐले के जम्फर लगाये गए, 3 जम्फर एमई मे से सीटी पर लगाये, बीसी में तीन जम्फर बायपास करें, दो डीपी पर रेड ऑक्साईड पेंट किया, आईसोलेटर में ग्रीसिंग व ऑईलिंग की गई, ट्रॉसफार्मरो की सफाई करवाई, यार्ड में स्ट्रेक्चर में सफाई व रेड ऑक्साईड का कार्य प्रारंभ करवाये जाने के साथ डीओ के पार्ट्स बदले गए।

बूस्टर पम्प हाउस पर संधारण कार्य के तहत जम्फर एबी स्वीच से डीओ व डीयो से ट्रांसफार्मर तक जम्फर व लग्ज लगाये, एबी स्वीच 1 से 3 में पाटे बदले गये, एबी स्वीच के जम्फर बदले, एमई डीपी में कलर करवाया गया, डीओ में पार्ट्स बदले व नई वाईडिंग करवाई गई, एबी स्वीच में हैण्डल में राई लगाई, यार्ड में रेड ऑक्साईड व सिल्वर पेंट किया गया, स्टे के गट्ठे लगाये गये, आरवाय 13 की स्वीच डाली, पम्पों में ग्लान डलवाकर ग्रीसिंग करवाई गई। नवीन इंटकवेल पर केबलिंग वर्क व संधारण कार्य किया गया, पैनल के अन्दर एग्जॉस फेन लगाया। इसके अलावा झोन ? मांक 1 के 11 व झोन क्रमांक 2 के 9 वॉल्व की ग्लॉन व ग्रीसिंग का कार्य करवाया गया। पत्रिका

पत्रिका 9/1/२२

संपत्तिकर वसूली में पिछड़ने के बाद बनाया दल

# अब दो हजार वर्गफीट से बड़े निर्माण की होगी जांच



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में नगर निगम ने संपत्तिकर वसूली में तय लक्ष्य से पिछड़ने के बाद अब शहर के दो हजार वर्गफीट से बड़े आवास, दुकान आदि भवन की जांच के लिए समिति का गठन किया है। यह समिति इस वर्गफीट के निर्माण की जांच करेगी व यह देखेगी की तय संपत्तिकर का भुगतान हुआ है या नहीं। अब तक निगम को 14 करोड़ रुपए लक्ष्य के मुकाबले मात्र 31 लाख का संपत्तिकर ही प्राप्त हुआ है।

नगर निगम में संपत्तिकर वसूली के मामले में हर वर्ष पिछड़ता है। तय राशि के मुकाबले 50 प्रतिशत भी वसूली नहीं हो पाती है। ऐसे में नगर निगम शहर में विकास के जो कार्य करना चाहता है, उसके लिए धन राशि की कमी आती है। ऐसे में हर बार फरवरी से लेकर मार्च तक वार्डों में शिविर का आयोजन होता है, लेकिन इस बार दिसंबर माह में ही निगम ने संपत्तिकर से लेकर जलकर वसूली के मामले में शिविर का आयोजन शुरू कर दिया। इसमे भी जब बड़ी सफलता मिलती नजर नहीं आई तो अब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जांच कमेटी का गठन किया है। उपायुक्त विकास सोलंकी को जांच कमेटी का नोडल अधिकारी बनाया है। आयुक्त झारिया ने जो जांच कमेटी बनाई है, उसमे नोडल अधिकारी सोलंकी के अलावा उपयंत्री व उनके सहयोगी शामिल किए गए है।

आयुक्त ने जो आदेश जारी किए है, उसमे इस बात का उल्लेख साफ कर दिया है कि शहर के भूखंड, भवन, आवासीय, व्यवसायिक, भवन स्वामी का नाम, क्षेत्रफल, क्षेत्रफल अनुसार बकाया राशि का विवरण देना होगा। यह कमेटी सिर्फ दो हजार वर्गफीट से अधिक के निर्माण की ही जांच करके बकाया राशि की जानकारी जुटाएगी।

पत्रिका 9/1/22

# 10 जनवरी से कोविड वैक्सीनेशन का प्रिकॉशन डोज़ दिया जाएगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

.जिले में 10 जनवरी सोमवार से 60 वर्ष से अधिक आयु के को मॉर्बिड अर्थात गंभीर हृदय रोग, कैंसर आदि से पीड़ित नागरिकों को कोविड के वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज़ लगाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के मॉर्बिड जिन लोगों को कोविड का दूसरा टीका लगवाकर 9 माह से अधिक का समय पूर्ण हो गया है उन्हें कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज़ लगाई जाएगी। जो लोग कोविन पोर्टल पर हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में पहले से पंजीकृत है, ऐसे लोग भी दूसरे टीके के बाद 9 माह पूर्ण करने की दशा में कोविड का तीसरा अथवा प्रिकॉशन डोज़ लगवाने के लिए पात्र रहेंगे।

जो नागरिक प्री कॉशन डोज़ के लिए पात्र होने के बावजूद कोविन पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, ऐसे लोगों को कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर सीधे टीका लगाया जाएगा एवं भौतिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

हितग्राहियों को उसी प्रकार का वैक्सीन दिया जाएगा, जिस प्रकार का वैक्सीनेशन पहले के दोनों डोज़ में दिया गया हो, उदाहरण के लिए यदि पहले टीकाकरण के दौरान को वैक्सीन का टीका लगा हो तो प्रिकॉशन डोज़ भी को वैक्सीन का लगेगा , यदि पूर्व में दिए टीके के दौरान कोविशिल्ड का टीका लगा हो तो प्रिकॉशन डोज़ भी कोविशिल्ड का ही लगेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील ने बताया कि पात्र हितग्राही 10 जनवरी को वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर सीधे ऑनसाइट बुकिंग करा कर वैक्सीनेशन करा सकेंगे।

प्रसारण

प्रसारण 9/1/22

## 10 से प्रिकॉशन डोज दिया जाएगा

स्वदेश

रतलाम ● जिले में 10 जनवरी से 60 वर्ष से अधिक आयु के कोमॉर्बिड अर्थात गंभीर हृदय रोग , कैंसर आदि से पीड़ित नागरिकों को कोविड के वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि दूसरा टीका लगवाकर 9 माह से अधिक का समय पूर्ण हो गया है उन्हें कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी।

स्वदेश 9/1/22

## लगातार दूसरे दिन मिले दोगुने कोरोना संक्रमित


# शुक्रवार को 24 और शनिवार को मिले 48 पॉजिटिव मरीज

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार दोगुना हो गई है। रतलाम जिले में शुक्रवार रात 24 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। वहीं आज 48 संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर अब 95 हो गई है। लगातार बड़ी संख्या में मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पॉजिटिव आए मरीजों में 9 वर्ष के 2 छोटे बच्चे भी शामिल है।

रतलाम शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी मरीज सामने आए। रतलाम मेडिकल कॉलेज में भी आज 4 छात्र कोरोना संक्रमित हो गए है। मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जा रहा है।

संक्रमण का खतरा बढ़ने के बाद प्रशासन हाई अलर्ट पर है। रतलाम में जिस तरह




संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला शुरू हुआ है, उससे आगे संक्रमण तेजी से फैलने का खतरा बढ़ गया है। पॉजिटिव मरीज अलग-अलग क्षेत्रों से सामने आए हैं। रतलाम शहर के अलावा जावरा और ग्रामीण क्षेत्र में भी संक्रमित मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और संक्रमित क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों के शत-प्रतिशत टेस्ट किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने जारी किए हैं।

प्रसारण

### कंटेनमेंट तोड़कर पार्टी कर रहे चार लोगों पर कार्यवाही की गई

कोरोना पाज़ीटिव व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों के साथ पार्टी करने की सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें कोविड केयर सेंटर भिजवाया गया। रतलाम शहर निराला नगर, नयागांव स्थित निवास पर कोरोना पाज़ीटिव पाए जाने पर कटेनमेंट एरिया बनाया गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा कंटेनमेंट एरिया तोड़कर अपने साथियों को पार्टी के लिए घर मे बुलाया गया। प्रशासन को सूचना मिलने पर तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी एवं टीम ने मौका मुआयना किया तो उक्त शिकायत सही पाई गई। उक्त व्यक्ति निजी संस्थान में कार्यरत होने की सूचना मिलने पर इनके संस्थाओ को भी सूचित किया गया है इन के विरुद्ध कार्रवाई करे। प्रशासन द्वारा इनके विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई है।

प्रसारण 9/1/२२